पुस्तकालय

2390
30.6.03

असंशोधित

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

2 8 JUN 2003

### (भाग 2—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर रहित)

बि० स० मु० (एस० ए०) 174—मो०गी—1000—24-12-2002—

टर्न-12/राजेश/28.6.2003

शून्य-काल
==========

श्री राम प्रवेश राय:-- उपाध्यक्ष महोदय, गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा में एक विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण कार्य वर्ष 1985 में शुरू किया गया । उसका नब्बे प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है । माननीय उर्जा राज्यमंत्री द्वारा मार्च, 2003 तक चालू करने का वादा पिछले वर्ष के सत्र में किया गया था, जो नहीं हो सका है ।

अत: सरकार से इसे शीघ्र चालू कराने की मांग करते हैं । उपाध्यक्ष महोदय, सरकार के आश्वासन देने के बावजूद भी कार्य पूरा नहीं होता है तो आखिर हम माननीय विधायक क्या करें, कहाँ जायें ।

उपाध्यक्ष:- आप इसके लिए दूसरा तरीका अख्तियार करें ।

(व्यवधान)

श्री राम प्रवेश राय:- उपाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री सदन में आश्वासन देते हैं, वह भी पूरा नहीं होता है, तो इसतरह से ऑर्डर कैसे काम चलेगा, हमलोग क्या करें, कहाँ जायें ।

(व्यवधान)

उपाध्यक्ष:- आप दूसरा तरीका अख्तियार करें, इसके लिए दूसरे तरीके भी हैं । मा०सदस्य श्री जगत नारायण सिंह ।

(व्यवधान)

(व्यवधान)

टर्न-13/23.6.03/सच्चिदा ।

श्री सुशील कुमार मोदी, नेता विरोधी दल: महोदय, सरकार जो आश्वासन सदन में देती है, वह भी पूरा नहीं करती है, आसन का जो निदेश होता है, उसको भी सरकार पूरा नहीं करती है तो आखिर माननीय सदस्य कहां जायें, क्या करें, (क्या वे वेल में आयेंगे ।

(व्यवधान)

श्री रामचन्द्र पूर्वे (मंत्री): इसके लिए आश्वासन समिति बनी हुई है ।

उपाध्यक्ष: आप बैठ जायें ।

माननीय नेता, विरोधी दल, आपने स्वयं नियम बनाया है, प्रक्रिया तैयार की है, उसी प्रक्रिया के तहत आसन को चलना है, आसन का हाथ बंधा हुआ है । शुन्य-काल में जो प्रश्न किये जाते हैं या उठाये जाते हैं, उसके लिए हम सरकार को आसन से मजबूर नहीं कर सकते हैं कि आपको जवाब देना है । आपने सदन में रखा और सरकार ने उसका कौगनीजेंस लिया, आश्वासन मिले । अगर वह कार्यान्वयन नहीं होता है तो कई प्रक्रियायें हैं, उन प्रक्रियाओं को अपनाये जायें । उन प्रक्रियाओं को अपनाने से काम होता है । इसलिए हम बताना चाहेंगे कि शुन्य-काल में जो कहा जा रहा है, हम उसके लिए सरकार पर दबाव नहीं दे सकते । सरकार अगर जवाब देना चाहे तो दे सकता है लेकिन आसन दबाव नहीं डाल सकता है ।

(व्यवधान)

श्री सुशील कुमार मोदी, नेता, विरोधी दल: महोदय, आप क्या चाहते हैं कि लोग शुन्य-काल पढ़ दें और सरकार उसको नोटिस में नहीं ले । माननीय सदस्य ने सवाल उठाया । हमलोग यहां पढ़ने के लिए नहीं आये हैं कि खड़ा होकर पढ़ दिया ।

श्री राम प्रवेश राय: महोदय, हमलोगों का भी अधिकार बनता है ।

श्री राम चन्द्र पूर्वे (मंत्री): महोदय, शुन्य-काल में जो सवाल उठाये जाते हैं, वह अननोटिस्ड नहीं है । शुन्य-काल में उठाये गये प्रश्न के समाधान हेतु कमिटी गठित है जो बराबर अनुश्रवण करती है ।

श्री जगत नारायण सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित मधेपुर से तरडीहा कोशी बांध तथा मधेपुर से भीठ भगवानपुर तक ग्रामीण अभियंत्रण संगठन की पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कराने हेतु बिहार विधान सभा की याचिका समिति में अनुशंसित है, परन्तु आजतक अधिग्रहण नहीं किया गया है ।

अत: उक्त पथों को शीघ्र अधिग्रहण करने हेतु मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।

टर्न-13/28.6.03/सच्चिदा ।

श्री जनार्दन सिंह"सीग्रीवाल": सारण जिलान्तर्गत रिविलगंज प्रखंड के सीताबदियारा के लालाटोला क्षेत्र में आजतक विद्युत आपूर्ति नहीं की जा सकी है, जबकि ग्राम लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मस्थली है । श्री जय प्रकाश नारायण के नामपर देश और विदेश में भी कार्यक्रम, समारोह आयोजित किये जाते हैं और उनकी जन्मस्थली आज भी अंधेरे में डूबा हुआ है ।

अत: मैं मांग करता हूँ कि सरकार शीघ्र विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करे ।

उपाध्यक्ष: जो आपने दिया है, वही पढ़िये ।

श्री जनार्दन सिंह"सिग्रीवाल": मैं वही पढ़ रहा हूँ ।20 लाख से ज्यादा लगाकर आजतक बिजली नहीं गयी ।

उपाध्यक्ष: आप वही पढ़िये ।

(व्यवधान)

श्री नवीन किशोर प्र0 सिन्हा- उपाध्यक्ष महोदय, स्व0जय प्रकाश नारायण जी की जन्म-स्थली की बात है। कम से कम आसन इस गंभीर विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करे।

उपाध्यक्ष- माननीय सदस्य श्री नवीन किशोर प्र0 सिन्हा जी। स्व0 जय प्रकाश नारायण जी की जन्मस्थली सीताब दियारा एक तीर्थ स्थान है वह अंधकार में डूबा रहे वह किसी के लिए गौरव की बात नहीं है। माननीय सदस्य ने शून्यकाल में इस बात को उठाया है। हम चाहते हैं कि माननीय सदस्य सीताब दियारा के विद्युतीकरण के बारे में अलग से एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाकर विधान-सभा की प्रक्रिया में लेकर, वह लायें तो आसन उस पर कार्रवाई करेगा ।

(व्यवधान)

उपाध्यक्ष- माननीय सदस्य श्री राम प्रवेश राय जी । सहनशीलता, सभी माननीय सदस्यों के लिए है। आपको यहां पर आत्मसंयम हो कर रहना है। यहां कोई किसी का मालिक नहीं है। आप अपना मालिक स्वयं हैं और आप भी यहां आयेंगे तो आप जो कर रहे हैं, अगर वह हम वहां पर करेंगे तो क्या आप करने देंगे ? हम नियम से बंधे हुये हैं। वहां एक सत्य है और यहां सत्य दूसरा है। इसी में तारतम्य करके चलना है। इस तरह गुस्से में मत कीजिये। गुस्से को पालना सीखिये, गुस्से पर काबू रखिये । इस तरह से मत कीजिये ।

श्रीमती भागीरथी देवी -उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के अन्तर्गत केन्द्र सरकार ने बाल्मिकी अम्बेदकर मलीन बस्ती आवास योजनान्तर्गत केवल सफाईकर्मी, भंगियों को आवास उपलब्ध कराने हेतु वर्ष 2001-02 में 5 करोड़ 75लाख रुपये की राशि आवंटित की गई थी। इसकी सूचना माननीया मुख्यमंत्री को पत्र संख्या 11021/408/2002 से दी गई थी । लेकिन जनहित में अभीतक कार्रवाई नहीं की गई। अनुसूचित जाति में आक्रोश व्याप्त है। लोकहित में उन भंगियों, सफाईकर्मी को आवास उपलब्ध कराया जाये ।

श्री सुशील कुमार मोदी, नेता, विरोधी दल- उपाध्यक्ष महोदय, शहरी क्षेत्र में मकान बनाने के लिए बाल्मिकी अम्बेदकर योजना है। दो साल से एक नया पैसा नहीं मिला है इस काम के लिए ।

उपाध्यक्ष- माननीय सदस्या श्रीमती भागीरथी देवी ने जो सवाल उठाया है, दलितों के लिए, जिस वर्ग से आप आती हैं, भंगी विकास योजना के अन्तर्गत माननीय संसदीय कार्य मंत्री से आसन चाहता है कि एक समेकित रूप में, भंगी बस्ती का जो मामला है, महात्मा गांधी सप्ताह में एक दिन भंगी बना करते थे, पूज्य बापू की स्मृति और शहादत पर हम हैं। इसलिए सरकार एक समेकित रूप में राज्य में भंगी बस्ती के निर्माण के लिए उनके घर के निर्माण के लिए उनके विकास के लिए राज्य सरकार क्या कर रही है, क्या करना चाहती है, इस पर सदन के चलते सत्र में दो चार दिनों के अन्दर सरकार समेकित रूप में सदन को कॉन्फिडेन्स में लेकर ब्यान दे।

-क्रमशः:-

उर्न-15/मधुप/28.6.2003

उपाध्यक्ष : (क्रमश:)...... ताकि उनके घरों में भी, जो सबके चिराग बनते हैं, उनके भी चिराग सब जलें, इस दिशा की ओर कार्रवाई की जाय। सरकार बयान देगी।

श्री विनोद कुमार सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, राज्य के अन्दर अशुद्ध मिलावट वाले सरसों तेल से बिहार के नागरिक अस्वस्थ होते जा रहे हैं। राज्य में शुद्ध सरसों तेल का पूर्णत: अभाव हो गया है। सरकार से आग्रह है कि अशुद्ध सरसों तेल बेचने वाले पर ठोस कार्रवाई करे एवं शुद्ध सरसों तेल बाजार में उपलब्ध करावे।

उपाध्यक्ष : श्री विनोद कुमार सिंह ने जिस तथ्य की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है, उसे सरकार देखे और आवश्यकता पड़ने पर विरोधी-दल के नेता अगर इस मामले में अति-सक्रिय हो जायं तो मिलावटी तेल के बारे में सुधार हो सकता है।

श्री नरेन्द्र नारायण यादव : उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मधेपुरा के अधीन राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-106 प्रखंड पुरैनी अन्तर्गत ग्राम सपरदह के निकट बना लकड़ी का पुला क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण आवागमन पूर्णत: अवरुद्ध है, बाढ़ का समय है। इसकी जानकारी कार्यपालक अभियंता, एन०एच०, मधेपुरा ने मुख्य अभियंता, बिहार, पटना को भी दे दिया है।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि अविलम्ब डायवर्सन बनाकर यातायात को चालू कराया जाय।

(श्री नरेन्द्र ना० यादव)

उपाध्यक्ष : माननीय पथ निर्माण मंत्री जी को आप लिखित दे दीजिये, माननीय मंत्री इसमें जो आवश्यक होगा, वे कार्रवाई करेंगे।

श्री भुवनेश्वर प्रसाद सिंह "पप्पु" : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार में बाढ़ अतिसंवेदनशील क्षेत्र है। 184 हत्यायें 2000 से 2003, जून के बीच में हुआ। मोकामा में विद्युत की आपूर्त्ति सिर्फ दो दिन ही हो पाती है। मोकामा से बाढ़ विद्युत कनेक्शन [illegible] सरकार देगी? विद्युत के अभाव में अप्रिय घटना से नकारा नहीं जा सकता है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से विद्युत का होना अति आवश्यक है। विद्युत का घोर संकट व्याप्त रहने से पेयजल की समस्यायें मुँह बाये खड़ी हैं। पेयजल के अभाव में 28 दिन गंगा जी का पानी पीना पड़ता है। महोदय, आपके आसन से सरकार को आदेश दिया जाय।

उपाध्यक्ष : जरूर-जरूर । आप कहें, आप बोलें और आसन आदेश नहीं दे ? यह भला हो सकता है ?

माननीय मंत्री, श्याम रजक जी, आप जानते हैं कि जिस पीड़ा और परेशानी से ये अस्त-व्यस्त होते रहते हैं, आप यह भी जानते हैं कि प्रत्येक संध्या के बाद इनकी दुनिया बदल जाया करती है और आप यह भी जानते हैं कि बिजली नहीं रहने से जिस दुनिया में और कई सूरतें आने लगती हैं, बिजली नहीं आने से उन सूरतों का क्या होगा ? इसलिए मंत्री जी, आप इसको देखें ।

माननीय सदस्य, भुवनेश्वर जी, आप सभी कागज मंत्री जी को दे दें । भविष्य में यह पीड़ा फिर से सुनने को नहीं मिले ।

श्री रामचन्द्र पूर्वे (मंत्री) : महोदय, माननीय सदस्य की जो संध्याकालीन समस्या है उसका समाधान तो तिवारी जी से होगा ।

उपाध्यक्ष : आप शायद नहीं जानते हैं कि कभी-कभी जब इनकी पीड़ा बढ़ती है तो तिवारी जी ही उसका समाधान करते हैं ।

श्री रामकुमार यादव : उपाध्यक्ष महोदय, मधुबनी एवं दरभंगा जिलान्तर्गत सकरी से झंझारपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-57 की स्थिति जर्जर हो गया है, यातायात ठप है। मैं उक्त पथ का मरम्मति शीघ्र कराकर यातायात चालू कराने के लिए सरकार से मांग करता हूँ।

उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री राम कुमार यादव, आप वह कागज दे दीजिए, माननीय मंत्री श्री महाबली सिंह, उस कागज को ले लीजिए। इस पर क्या कार्रवाई हुई है, उससे आसन को सूचित करेंगे।

श्री ललित यादव : उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही महत्वपूर्ण सड़क है....

उपाध्यक्ष : आज जब मैं हाउस आया तो अपने साथ हनुमान जी को लेकर आया। मैं बहुत डर रहा था, मैं निरिह आया हूँ, इसलिए प्रार्थना कर रहा था कि हनुमान जी हमारी प्राण की रक्षा करें। उनकी कृपा से आज हमें लगा है कि प्राण बच जायेगा।

माननीय सदस्य श्री हरिशंकर प्रसाद।

श्री हरिशंकर प्रसाद :उपाध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिला के प्रतिष्ठित व्यवसायी तेजपाल सर्राफ के पाँच वर्षीय पोता का अपहरण 22 जून को हो गया। पुलिस निष्क्रिय है। अभी तक बच्चे की बरामदगी नहीं हुई है। जिले के आम लोगों में असुरक्षा का भाव है। सरकार बच्चे की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करे।

श्री सुशील कुमार मोदी(नेता विरोधी दल) : उपाध्यक्ष महोदय, 5 साल के बच्चे का कीडनेपिंग हो गया है, बी0जे0पी0 के कार्यकर्त्ता के लड़के का अपहरण हो गया है, इसलिए हम आग्रह करेंगे कि सरकार इसको नोटिस में ले और कार्रवाई करे।

उपाध्यक्ष :माननीय/ग्रामीण कार्य मंत्री, 5 वर्ष के बच्चे का अपहरण हो गया है, यह इनके बच्चे का अपहरण नहीं है, लेकिन पूरे समाज के इस बच्चे का अपहरण है । आप इसको देखेंगे और इस पर क्या कार्रवाई हुई है ? मैं जानता हूँ कि आप काफी संवेदनशील है, आप संध्या तक सूचित करेंगे कि क्या स्थिति है ?

श्री उमाकान्त यादव : उपाध्यक्ष महोदय, बिजली ग्रीड स्टेशन के निर्माण में विलम्ब, जले हुए ट्रांसफर्मर को बदलने एवं लदनिया-जयनगर के बीच 11 हजार पावर का तार जो जमीन पर पड़ा हुआ है, इसके सुरक्षा को लेकर चार दिनों से लिखित सूचना देकर बिजली कार्यालय जयनगर में आमरण अनशन पर बैठे श्री राम कुमार यादव एवं साथ में तीन अन्य का हालत चिन्ताजनक बन गई है । मेरा आग्रह है कि सरकार इस पर हस्तक्षेप करे और अनशनकारियों की स्वास्थ्य की चिन्ता करते हुए इस पर आवश्यक पहल करे ।

उपाध्यक्ष : माननीय मंत्री श्री श्याम रजक जी, माननीय सदस्य श्री उमाकान्त यादव नवनिर्वाचित सदस्य है, इन्होंने बिजली के बारे में जो चिन्ता जाहिर की है, उस कागज को आप देख लीजिए और इसका उपहार जनता को मिले, ऐसा कर दीजिए

श्री श्याम रजक(राज्य मंत्री) : जी।

श्री उदय नारायण चौधरी : उपाध्यक्ष महोदय, पिछले दो दिनों में वर्षा ऋतु के प्रारम्भ होने पर पटना शहर की स्थिति नारकीय एवं भयावह तथा बाढ़ का स्वरूप बन गया है नालों की सफाई नहीं होने के कारण पानी का निकास बंद हो गया है । वर्षा के कारण "हार्डिंग पार्क" स्थित बस पड़ाव का बस रोड पर रहने के कारण आम जनता का मार्ग अवरूद्ध रहता है । सरकार शीघ्र नालों की सफाई एवं रोड से बसों को हटाने का व्यवस्था कराये ।

उपाध्यक्ष : शांति-शांति, माननीय सदस्य आप बैठिये । पटना में नाले की सफाई को लेकर न केवल बिहार विधान सभा बल्कि पटना उच्च न्यायालय ने भी कई बार इस सिलसिले में सरकार को सूचित किया है । मैं चाहता हूँ कि मा0 संसदीय कार्य मंत्री वर्षा प्रारम्भ है, बहुत तेजी से हो रही है, नाले बंद हैं और इस समय सरकार का नगर विकास विभाग तत्परता से कार्रवाई करें और की गई कार्रवाई से तीन दिनों के अन्दर सरकार सदन को सूचित करें ।

श्री उमाधर प्र0 सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, आप अध्यक्ष महोदय के चेम्बर के बगल में जो नल का टेप है उसका पानी मँगाकर देख लें कैसा पानी विधान सभा में सप्लाई हो रहा है ?

उपाध्यक्ष : मैंने देखा है । सारी चीजों के बारे में मैंने कहा है । आप जो कहना चाहते हैं उसे लिखकर दे दें ।

(श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स0वि0स0 की ध्यानाकर्षण सूचना
<u>पर सरकार (जल संसाधन विभाग) का जवाब ।)</u>

श्री जगदानन्द सिंह (मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, मधेपुरा जिलान्तर्गत प्रखंड आलमनगर के अधीन मौजा कुजौड़ी में भट्टा चाप में एक हजार एकड़ जमीन में जल-जमाव से संबंधित क्षेत्रीय स्थिति की जानकारी हेतु सर्वेक्षण कार्य के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है । बिना सर्वेक्षण कार्य कराये योजना के स्वरूप एवं लाभ की जानकारी देना संभव नहीं है ।

श्री नरेन्द्र नारायण यादव : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि कितने दिनों के अन्दर सर्वेक्षण कराकर इस योजना का प्राक्कलन बनाकर कार्यान्वित करने का कष्ट करेंगे ?

श्री जगदानन्द सिंह (मंत्री) : महोदय, इस बरसात में जो पूरी जमीन जल-जमाव से ग्रस्त हो गया है वो आसानी से पहचान हो जायेगा । इसके बाद जब बरसात का समय खत्म होगा इसके पानी की निकासी हम कैसे कर पायेंगे इसका सर्वेक्षण